breakthrough

ब्रेकथ्रू ने रैली निकाल कर घरेलू हिंसा को रोकने का दिया संदेश

लखनऊ(बक्शी का तालाब) 11 मई 2015, मानवाधिकार और महिला हिंसा क खिलाफ काम करने वाली स्वयंसेवी संस्था ब्रेकथ्रू ने सोमवार को रैली निकाल कर समुदाय को घरेलू हिंसा के प्रति जागरुक किया।रैली मानपुर राजा से शुरू होकर लुधौली औऱ फिर वहां से वापस मानपुर राजा पर आकर समाप्त हुई।

लुधौली की ग्राम प्रधान चंद्रावती के सहयोग से इस रैली का आयोजन किया गया था। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस रैली के माध्यम से हमारा प्रयास है कि हमारे गाँव के लोग घरेलू हिंसा और लिंग भेदभाव को लेकर जागरुक हों। उन्होंने कहा कि महिलाओं पर होने वाली हिंसा चाहे वो किसी भी प्रकार की हो इसका विरोध होना चाहिए। उन्होंने घरेलू हिंसा पर ब्रेकथ्रू के काम की सराहना करते हुए कहा कि वो ब्रेकथ्रू के इस अभियान को अपना पूरा सहयोग देगें।उनका प्रयास रहेगा की उनकी ग्राम पंचायत महिलाओं को सम्मान देने के लिए पहचानी जाये। इस अवसर पर ग्राम रोजगार सेवक मुकेश मिश्रा ने कहा इस रैली के माध्यम से इस ग्राम पंचायत के साथ अन्य ग्राम पंचायत के लोग भी जागरूक होंगे और एक नयी शुरुआत होगी, उन्होंने कहा की महिला हिंसा के खिलाफ सभी को साथ मिलकर प्रयास करने की जरूरत है। हम सब मिलकर ही बदलाव ला सकते हैं।

ब्रेकथ्रू की जिला समन्वयक अर्चना ने कहा की घरेलू हिंसा के मुद्दे पर ब्रेकथ्रू ब्लाक के पांच ग्राम पंचायत में काम कर रहा है और हमारा प्रयास ग्राम स्तर तक पहुंचने का है।उन्होने कहा कि युवा बदलाव का सबसे बड़ा माध्यम हैं,इसलिए हमारी कोशिश है कि युवा घरेलू हिंसा के मुद्दे को समझे और इसे रोकने का प्रयास करें। उन्होंने बताया कि आज मानपुर राजा और लुधौली के युवाओं ने लगभग 3 किलोमीटर तक रैली के माध्यम से घरेलू हिंसा रोकने का सन्देश जन-जन तक पहुंचाया।

ब्रेकथ्रू के कम्युनिटी मोबलाइजर मोहित ने कहा की हम चाहते हैं की इस ग्राम पंचायत को घरेलू हिंसा मुक्त ग्राम पंचायत के रूप में पहचाना जाये और हम सभी इस दिशा में प्रयास कर रहे हैं।

इस रैली के माध्यम से हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक युवा वर्ग हमारे साथ जुड़े और अपने ग्राम पंचायत को हिंसा मुक्त ग्राम पंचायत बनाने में अपना सहयोग देगा।
इस रैली में आशा बहु श्रीमती सुमन देवी(लुधौली), विमलेश सिंह(मानपुर राजा) आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रेनू सिंह और माया देवी ने अपना सहयोग दिया।

ब्रेकथ्रू के बारे में :-
ब्रेकथ्रू एक मानवधिकार संस्था है जो महिलाओं और लड़कियों पर होने वाली हिंसा औऱ भेदभाव को मिटाने के लिए काम करती है।
कला,मीडिया,लोकप्रिय संस्कृति और सामुदायिक भागेदारी से हम लोगों को एक एसी दुनिया बनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं,जिसमें हर कोई सम्मान,समानता और न्याय के साथ रह सके।
हम मल्टीमीडिया अभियानों के माध्यम से मानवाधिकार से जुड़े मुद्दों को मुख्य धारा में ला रहे हैं। उसे दुनिया भर के समुदाय और व्यक्तियों के लिए प्रासंगिक और जरूरी बना रहे हैं।इस सबके साथ हम युवाओं,सरकारी अधिकारियों और सामुदायिक समूहों को विस्तृत प्रशिक्षण भी देते हैं जिससे एक नयी ब्रेकथ्रू जेनरेशन सामने आए जो अपने आस-पास की दुनिया में बदलाव ला सके।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे :-
विनीत त्रिपाठी/अर्चना सिंह
9792267809 / 9889615832
ब्रेकथ्रू